# डेल्टा वेरिएंट की तुलना में 80 फीसदी कम खतरनाक है ओमीक्रोन स्वरूप

राहत

## नए रिसर्च पेपर्स में ओमीक्रोन वेरिएंट को लेकर दिया गया राहत देने वाला सुझाव



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लंदन। कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन ने एक बार फिर हर तरफ दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। ऐसे में दो नए रिसर्च पेपर्स, जो फिलहाल कहीं छपे नहीं है, में सुझाव दिया गया है कि डेल्टा वेरिएंट की तुलना में ओमीक्रोन से गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने की संभावना कम हो सकती है। इस अध्ययन से पता चलता है कि ओमीक्रोन में डेल्टा की तुलना में कोविड–19 से अस्पताल में भर्ती होने का जोखिम दो–तिहाई कम है।

ब्रिटेन में एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह पेपर ऑनलाइन जारी किया। यह रिसर्च स्कॉटलैंड से बाहर की गई है। ऑनलाइन सर्वर पर दूसरा पेपर पोस्ट किया गया। यह बताता है कि ओमीक्रोन संक्रमण वाले लोगों में डेल्टा की तुलना में अस्पताल में भर्ती होने की संभावना 80 फीसदी कम है। साउथ अफ्रीका के बाहर की गई इस रिसर्च के अनुसार एक बार जब मरीज अस्पताल में भर्ती हो गया तो फिर वह गंभीर बीमारी की श्रेणी में आ जाता है।

**रिसर्च में शामिल ओमीक्रोन के 23,840 मामलेः** दोनों रिसर्च में प्रारंभिक डेटा शामिल है और अभी तक यह किसी मैग्जीन में प्रकाशित नहीं किया गया है। स्कॉटलैंड के अध्ययन में 1 नवंबर से 19 दिसंबर तक 23,840 ओमीक्रोन और 126,511 डेल्टा मामलों के डेटा शामिल हैं। एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी, स्ट्रैथक्लाइड यूनिवर्सिटी और सार्वजनिक स्वास्थ्य स्कॉटलैंड के शोधकर्ताओं ने डेल्टा संक्रमणों की तुलना में ओमीक्रोन संक्रमणों के बीच स्वास्थ्य परिणामों पर करीब से नजर डाली है।

**पोलैंड में कोरोना से एक दिन में 775 मौतें:** अभी ओमीक्रोन को लेकर विस्तृत जानकारी मिलना बाकी है। ऐसे में छोटी सी जानकारी भी डर पैदा कर सकती है। ओमीक्रोन के बढ़ते खतरों के बीच यूरोपीय देश पोलैंड में कोरोना से एक दिन में 775 मरीजों की मौत हुई है। वैक्सीनेशन की तेज रफ्तार के बीच मौत के इस बड़े आंकड़े ने आसपास के यूरोपीय देशों की टेंशन को भी बढ़ा दिया है। भारत में भी ओमीक्रोन के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बड़ी समीक्षा बैठक करने वाले हैं। पोलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि पिछले 24 घंटों में जिन मरीजों ने दम तोड़ा, उनमें से अधिकतर को वैक्सीन नहीं लगी हुई थी। पोलैंड में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कारण करीब 93000 लोगों की मौत हो चुकी है। इस देश में टीकाकरण की दर 54.8 फीसदी है, जो भारत के लगभग 14 फीसदी ज्यादा है। कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित ब्रिटेन में भी 21 दिसंबर को 87085 मामले सामने आए थे।

## न्यूज डायरी



### अफगान महिलाओं को निशाने पर लेने वाले पीएम इमरान हो रहे ट्रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को इस्लामिक सहयोग संगठन (व्प्ब्) के सदस्यों के हाल ही में संपन्न सम्मेलन में अफगान महिलाओं को निशाना बनाने वाली उनकी गलत टिप्पणी के लिए विश्व स्तर पर ट्रोल किया गया है। अल अरेबिया पोस्ट ने बताया कि बैठक में भाग लेने वाली पश्चिमी सरकारों के पर्यवेक्षक इमरान खान की उस टिप्पणी को भूला नहीं पा रहे, जिसमें उन्होंने कहा, श्लड़कियों को शिक्षित नहीं करना अफगान संस्कृति का हिस्सा है। मीडिया आउटलेट ने यह भी बताया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के ऐसे बयान के बाद देश और विदेश में विशेष रूप से अफगानों द्वारा उन्हें निशाने पर लिया गया है। उनपर आरोप लगे हैं कि तालिबान को खुश करने के लिए उन्होंने अफगानिस्तान पर हमला बोला है। उम्मीद लगाई गई है कि इस्लामी राष्ट्रों के कुछ विदेश मंत्री जो अधिक प्रबुद्ध और विकसित समाजों का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्होंने इमरान की टिप्पणी को अस्वीकार्य किया है।

### अफगान सीमा पर बाड़ लगा रहा पाकिस्तान, तालिबानी लड़ाकों ने किया विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना अफगानिस्तान के साथ मिलने वाली अपनी सीमा पर बाड़ लगा रही है। बीते दिनों कुछ तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तान सेना के इस काम में बाधा डाली और उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। बुधवार को अफगान अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। पाकिस्तान ने काबुल के विरोध के बाद भी 2600 किमी की सीमा के ज्यादातर हिस्से पर तार लगा दिए हैं। पाकिस्तान के लिए अफगानिस्तान से आने वाले शरणार्थी और घुसपैठिए एक बड़ी समस्या हैं। पाकिस्तानी अखबार श्डॉन की खबर के मुताबिक अफगान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला ख्वारजमी ने कहा कि तालिबान बलों ने पाकिस्तानी सेना को रविवार को पूर्वी प्रांत नंगरहार के साथ एक अवैध सीमा बाड़ लगाने से रोक दिया। हालांकि उन्होंने इस घटना को तवज्जो नहीं दिया और कहा कि अब सब कुछ सामान्य है।

### म्यांमार लैंडस्लाइड में करीब 100 लोगों के लापता होने की आशंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यांगून। म्यांमार के काचिन में हुए भूस्खलन हादसे के बाद अब तक तीन शव बरामद किए गए हैं। यह हादसा बुधवार सुबह करीब 4 बजे हुआ था, जिसके बाद से करीब 80 लोगों के लापता होने की आशंका है। घटनास्थल से मिले शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है, लेकिन बताया जा रहा है कि तीनों ही शव पुरुषों के हैं। हादसे के बाद लापता लोगों को खोजने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। हपाकांत टाउनशिप के एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि यह हादसा लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब चार बजे हुआ। जेड खदान में भूस्खलन के बाद हुए हादसे में करीब 100 लोग दब गए, जिसमें मौके पर मौजूद मजदूर और वेंडर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की कुल संख्या को लेकर लगातार संशय बना हुआ है।

### यूरोपीय संघ द्वारा उड़ानों पर लगे प्रतिबंध को हटाने की चाह में पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रावलपिंडी। यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी द्वारा पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की उड़ानों के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध को जल्द हटाया जा सकता है। पाकिस्तानी मीडिया ने नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अधिकारी का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। पाकिस्तान की अखबार डान ने बताया कि नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के महानिदेशक जनरल खाकान मुर्तजा ने बुधवार को उड्डयन पर आधारित सीनेट उप समिति की बैठक में कहा कि आईसीएओ ने पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण को बताया कि उनकी टीम की ओर से हाल ही में किए गए सुरक्षा आडिट को जांच कमेटी के सामने पेश किया गया था। कमेटी ने सुरक्षा आडिट को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद सीनेट उप समिति को हटा दिया जाएगा और यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी पाकिस्तानी एयरलाइंस पर लगे प्रतिबंध को हटा लेगी।

## चीन में लगा सख्त लॉकडाउन घरों में कैद हुए करोड़ों लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन ने कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बाद 1.3 करोड़ लोगों की आबादी वाले उत्तरी शहर शिआन में लॉकडाउन लगाने का आदेश दिया है। शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी से कुछ हफ्ते पहले देश में संक्रमण के मामले बढ़ने से चिंता बढ़ गई है। सरकारी मीडिया ने बताया कि शहर के अधिकारियों ने सभी निवासियों को घर पर रहने का आदेश दिया है। लोगों से कहा गया है कि जब तक कि उनका घर से बाहर निकलना बहुत जरूरी न हो और वे सड़कों पर न निकलें। विशेष मामलों के अलावा शहर से आने–जाने वाले परिवहन के सभी साधनों को बंद कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक घर के एक व्यक्ति को हर दो दिन में घरेलू जरूरत का सामान खरीदने के लिए बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। आदेश बुधवार की मध्यरात्रि से प्रभावी हुआ। इसे कब हटाया जाएगा, इस पर कुछ नहीं कहा गया है। शिआन शांक्सी प्रांत की राजधानी है। यहां गुरुवार को संक्रमण के स्थानीय प्रसार के 63 मामले सामने आए हैं। इसके बाद शहर में संक्रमण के मामले बढ़कर 211 हो गए हैं। चीन में शंघाई के पास झेजियांग प्रांत के कई शहरों में भी संक्रमण के मामले बढ़े हैं, हालांकि वहां पाबंदियां बहुत कम हैं।



## दुनिया के सबसे लंबे शख्स को है पत्नी की तलाश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। दुनिया का सबसे लंबा शख्स रूस जा पहुंचा है। उसे तलाश है अपने लिए नई पत्नी की जिसके साथ मिलकर वह संतान को जन्म दे सके। 39 साल के सुल्तान कोसेन तुर्की के एक किसान हैं जिनका ट्यूमर उनकी पिट्यूटरी ग्रंथि को प्रभावित कर रहा है। इसी वजह से उनका आकार असाधारण रूप से ज्यादा है जो तब होता है जब पिट्यूटरी ग्रंथि बहुत अधिक वृद्धि हार्मोन का उत्पादन करती है।

## नाइजीरिया ने कचरे में फेंक दिए 10 लाख टीके

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रमुख ने दी चेतावनी

अबुजा। दुनिया में कोरोना वैक्सीन को लेकर एक असंतुलन पैदा हो रहा है। यह असंतुलन लोगों तक वैक्सीन की पहुंच को लेकर है। कोरोना का नया वेरिएंट ओमीक्रोन सामने आने के बाद वैक्सीन की मांग और ज्यादा बढ़ गई है। कुछ देश अपने निवासियों को एक और डोज बूस्टर डोज लगा रहे हैं तो कई जगह अभी लोगों को पहली खुराक का ही इंतजार है। इस बीच खबर आई कि नाइजीरिया ने एस्ट्राजेनेका कोरोना वैक्सीन की 1 मिलियन से अधिक खराब हो चुकी खुराकों को नष्ट कर दिया।

अधिकारियों ने कहा कि उनकी अंतिम तिथि के बाद उन्हें इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। नाइजीरिया की NPHCDA के प्रमुख फैसल शुएब ने कहा कि अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश में स्वास्थ्य अधिकारियों के पास दान में दी गई खुराकों को लेकर बहुत कम विकल्प बचे थे। इन खुराकों की शेल्फ लाइफ बहुत ज्यादा नहीं बची थी। विकसित देशों ने इन टीकों की खरीद की और इन्हें जमा किया। जब ये खराब होने वाले थे तो इन्हें दूसरे देशों को दान कर दिया। पिछले हफ्ते शुएब ने कहा था कि नाइजीरिया अब इस तरह के दान को स्वीकार नहीं करेगा। नाइजीरिया के 20 करोड़ 60 लाख लोगों में से केवल 2 प्रतिशत लोगों को पूरी तरह से टीका लगाया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने फरवरी तक एक चौथाई से अधिक आबादी का टीकाकरण करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रमुख ने चेतावनी दी है कि अमीर देशों में धड़ल्ले से बूस्टर खुराक लगाए जाने से कोविड–19 महामारी के लंबे समय तक रहने की संभावना बनेगी। साथ ही, कहा कि कोई भी देश इस तरीके से महामारी की गिरफ्त से बाहर नहीं निकल पाएगा। डब्ल्यूएचओ महानिदेशक ट्रोस अदहानोम गेब्रेयेसस ने कहा कि इस साल टीके ने कई लोगों की जान बचाई है।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष हुए कोरोना संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष और मालदीव के वर्तमान विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने गुरुवार को बताया कि वह हल्के लक्षणों के साथ कोविड संक्रमित पाए गए हैं। विदेश मंत्री ने बताया कि उन्होंने बूस्टर डोज सहित कोरोना का वैक्सीनेशन पूरा कर लिया है। इसके बावजूद वह कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। अब्दुल्ला शाहिद ने ट्वीट करते हुए कहा कि कोरोना की रिपोर्ट पाजिटिव आने पर उन्होंने खुद को घर में ही क्वारंटाइन कर लिया है। उन्होंने बताया कि वह बूस्टर डोज सहित पूरी तरह से कोविड वैक्सीनेटिड हैं। उन्होंने आगे कहा कि मेरी प्रार्थनाएं लाखों कोरोना संक्रमितों और वैक्सीन न मिलने वाले अरबों लोगों के साथ हैं। आपको बता दें कि मीडिया की रिपोर्टस के अनुसार मालदीव में 7 दिसंबर को कोरोना वायरस के वैरिएंट ओमिक्रोन का पहला मामला सामना आया था। मालदीव सुरक्षा एजेंसी ने पुष्टि करते हुए बताया कि 27 नवंबर को देश में दक्षिण अफ्रीका से आए एक पर्यटक के सैंपल पर जीनोमिक अनुक्रमण करने के बाद देश में ओमिक्रोन का मामला सामने आया था।